आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य में तीन नए नगर निगम बनाने को मंजूरी दी है। इनमें ऊना, बद्दी और हमीरपुर नगर निगम शामिल है। शिमला में आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। इसके अलावा दो नए नगर परिषद और पांच नई नगर पंचायतों के गठन को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा लोकनिर्माण विभाग में मल्टी टास्क वर्कर के मानदेय में पांच सौ रूपए की वृद्धि करने को भी बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष से अधिक की आयु के सभी बुजुंर्गों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने और विधवा एकल व दिव्यांग महिलाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख रूपए की सहायता राशि देने को भी मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त राजीव गांधी स्टार्टप योजना में 50 हजार किराए पर सरकारी विभागों में ई–टैक्सी चलाने और हमीरपुर मैडिकल कॉलेज में 30 रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती करने को भी बैठक में मोहर लगाई गई। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मंत्रिमंडल ने सीपीएस मामले भी चर्चा की है और राज्य सरकार प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती दे रही है। मंत्रिमंडल की बैठक में हाईकोर्ट के फैसले के कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

संजौली मस्जिद

संजौली मस्जिद मामले में आज नगर निगम आयुक्त शिमला की अदालत में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भुपेन्द्र अत्री ने संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और वक्फ बोर्ड को शेष दो फलोर पर भी अपना जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं। इससे पहले नगर निगम आयुक्त की अदालत में मस्जिद के तीन फलोर हटाने के आदेश दिए थे जो अभी भी बरकरार है। अदालत ने अब ग्राउंडफलोर और पहले फलोर पर भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके बाद ही मामले की सुनवाई को लेकर नई तिथि तय की जाएगी।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

देशभर में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। परिषद यह सुनिश्चित करती है कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी धमकी और प्रभाव के आगे नहीं झुके। यह दिवस न केवल प्रेस की उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि पारदर्शी और शिक्षित समाज के निमार्ण में इसके उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देता है।

इस बीच प्रदेश भर में भी प्रेस दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित कर लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका पर प्रकाश डाला गया और उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया।

गोमा

आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने प्रदेश के भाजपा नेताओं पर देश के दूसरे राज्यों में जाकर तथ्यहीन और भ्रामक बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अपने ही प्रदेश की छवि को खराब करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। गोमा ने कहा कि देश भर में हिमाचल की छवि स्वच्छ, ईमानदार और सशक्त राज्य की है जबकि भाजपा नेता राजनैतिक सवार्थ के लिए झूठे बयान दे रहे हैं। आयुष मंत्री ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में लोगों को दी गई गारंटियों से बढ़कर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी सभी गारंटियों को पूरा करेगी। यादवेंद्र गोमा ने कहा कि सरकार ने लगभग 30 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं और कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना भी बहाल की है।

कंप्यूटर शिक्षक

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार कंप्यूटर अध्यापकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी और उनके हितों को ध्यान में रखा जाएगा। राज्य कंप्यूटर शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सुमन ठाकुर के नेतृत्व में आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें अपनी मांगों से अवगत कराया। सुमन ठाकुर ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षक सरकारी स्कूलों में पिछले 24 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि उन्हें नियमित करने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित करने सहित अन्य मांगे भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

मौसम

प्रदेश में बदलते मौसम के बीच ऊपरी इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस में होने के कारण नदी, नाले और झीलें जमने लगी हैं। ताबो, कुकुमसेरी के बाद केलांग का न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में तापमान में गिरावट के चलते ग्रांफू से आगे डोहरनी और छोटा दड़ा के आसपास सड़क पर कोहरा जमने के कारण सीमा सड़क संगठन ने सड़क दुर्घटना होने की संभावना जताई है। लाहौल स्पिति जिला प्रशासन ने आज से कोकसर और लोसर चौकी से ग्रांफू—काजा मार्ग पर सुबह 11 से शाम 3 बजे तक चार घंटे के लिए ही चलाने का निर्णय लिया है।

नमस्कार।